राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान
मानद विश्वविद्यालय
जयपुर

क्रमांक:एफ.1(36ए)शैक्ष / टीचर्स वेकेशन्स / 2022–23 / 470 - 85 दिनांक: 8 अप्रैल 2022

कार्यालय आदेश

संस्थान की अधिसूचना क्रमांक 225–39 दिनांक 6–4–2022 द्वारा टीचिंग स्टाफ हेतु ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन अवकाश के प्रावधान प्रसारित किये गये हैं। प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन एवं 10 दिवसीय शीतकालीन अवकाश दो पारियों में घोषित किये जाने है। 50% टीचिंग स्टॉफ प्रथम पारी में तथा 50% टीचिंग स्टॉफ द्वितीय पारी में ग्रीष्मकालीन / शीतकालीन अवकाश का उपभोग कर सकेगें । सत्र 2020–23 हेतु 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन अवकाश निम्न दो पारियों में घोषित किया जाना है ।

ग्रीष्मकालीन अवकाश (20 दिवस)

प्रथम पारी	द्वितीय पारी
5 मई 2022 से 24 मई 2022 तक	27 मई 2022 से 15 जून 2022 तक

25 व 26 मई 2022 को सभी अध्यापकगण का कार्य दिवस रहेगा ।

अतः ग्रीष्मकालीन अवकाश का टीचिंग स्टॉफ द्वारा उपभोग करने हेतु सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग के अधिन कार्यरत टीचिंग स्टाफ से पारी अनुसार विकल्प प्राप्त कर उनके नामों की सूची प्रथम एवं द्वितीय पारी अनुसार तैयार कराकर शैक्षणिक शाखा में दिनांक 11–4–2022 तक आवश्यकरूप से भिजवाने का श्रम करें ।

विभागाध्यक्ष सूची तैयार करते समय यह सुनिश्चित करें कि:–

- ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विभाग के प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं चिकित्सालय कार्य किसी प्रकार बाधित नहीं होवें व सुचारु रूप से सम्पादित हो सके।
- प्रत्येक पारी की सूची में अवकाश पर जाने वाले वरिष्ठ एवं कनिष्ट अध्यापकों के नाम समानुपात में हो।

उक्त आशय की स्वीकृति माननीय कुलपति महोदय ने सम्बन्धित पत्रावली पर दिनांक 8–4–2022 को प्रदान कर दी है ।

कुल–सचिव

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

1. प्रति–कुलपति 2. कुलसचिव 3. उपाधीक्षक(चिकित्सालय)
4. समस्त विभागाध्यक्ष 5. परीक्षा नियंत्रक 6. संयुक्त–निदेशक(प्रशासन)
7. समस्त डीन 8. संयुक्त–कुलसचिव(शैक्षणिक)
9. प्रभारी(आई.टी.) को देकर लेख है कि आदेश को संस्थान वेबसाईट पर अपलोड़ करें ।
10. प्रशासनिक–अधिकारी एवं वित्त अधिकारी 11. आवासीय चिकित्साधिकारी, आरोग्यशाला / बम्बईवाला
12. भण्डार अधिकारी 13. लेखाधिकारी 14. पुस्तकालयाध्यक्ष
15. प्रतिष्ठापन / लेखा शाखा / शैक्षणिक शाखा / पुस्तकालय / आईटी / रजिस्ट्रार कार्यालय / परीक्षा इकाई

कुल–सचिव